# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आज दिनांक 05.04.2019 को प्रशासनिक भवन स्थित आई0क्यू0ए0सी0 के निदेशक कक्ष में स्टेयरिंग कमेटी के सदस्यों की बैठक 03.30 बजे अपराह्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थेः—

1. श्री एच0 एस0 बाजपेयी
   निदेशक, IQAC
2. डॉ0 हिमांशु चतुर्वेदी
   इतिहास विभाग
3. डॉ0 हर्ष कुमार सिन्हा
   रक्षा अध्ययन विभाग
4. डॉ0 जी0 एच0 बेहरा
   अंग्रेजी विभाग

## कार्यवृत्त

बैठक में निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 ने सदस्यों को यह अवगत कराया कि अपर मुख्य सचिव/सदस्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 565/रा0उ0शि0प0/37/18 दिनांक 19.03.2019 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन की स्थिति से अवगत कराते हुये वर्तमान में नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्यवाहियों/प्रयासों से अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय को निर्देशित किया है।

उक्त पत्र से यह लगता है कि शासन की प्राथमिकता सभी राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों का नैक मूल्यांकन कराया जाना है। विचारोपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुये वर्तमान में नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्यवाहियों/प्रयासों के सन्दर्भ में आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु पत्र प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यशालायें आयोजित कर सभी राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन कराने हेतु आ रही दिक्कतों का समाधान भी किया जाय।

निदेशक महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक समाप्त हुई।

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

प्रकोष्ठ के नवनियुक्त सदस्य–सचिव/निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव द्वारा आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) के सुचारू रूप से संचालन के लिए प्रकोष्ठ से जोड़े गये सदस्यों की एक बैठक दिनांक 17.08.2019 को अपराह्न 02.00 बजे सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थेः–

1. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव –
   निदेशक/सदस्य–सचिव, IQAC
2. प्रो0 दिनेश यादव, बायोटेक्नालॉजी विभाग –
3. प्रो0 गौर हरि बेहरा, अंग्रेजी विभाग –
4. डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग –
5. डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग –
6. डॉ0 तूलिका मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग –
7. डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, ललित कला एवं संगीत विभाग–
8. डॉ0 लक्ष्मी जायसवाल, शिक्षाशास्त्र विभाग –
9. डॉ0 आलोक कुमार, विधि विभाग –

## कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा माननीय कुलाधिपति महोदया एवं शासन की मंशा, जो विश्वविद्यालय का नैक से प्राथमिकता के आधार पर नैक मूल्यांकन कराने से सम्बन्धित है, से सभी सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही आई0क्यू0ए0सी0 की वार्षिक रिपोर्ट AQAR को नैक के नये गाइडलाइन्स के अनुसार तैयार करने एवं SSR तैयार करने पर विचार–विमर्श किया गया। विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गये–

1. AQAR एवं SSR तैयार करने के क्रम में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी शैक्षणिक विभागों में विभागीय सूचनाओं को तैयार करने के लिए प्रत्येक विभाग में एक विभागीय आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधि बनाये जाय। विभागीय आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधि सम्बन्धित विभाग के अध्यक्ष द्वारा नामित किया जायेगा।
2. AQAR एवं SSR तैयार करने के लिए उसकी गाइडलाइन्स की एक प्रति समस्त विभागों/इकाईयों को इस आशय से प्रेषित कर दी जाय कि वह अपने विभाग/इकाई से सम्बन्धित सूचनाओं को पूरित कर हार्ड एवं सॉफ्ट कापी में आई0क्यू0ए0सी0 को उपलब्ध करा दें।

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) सदस्यों की एक बैठक दिनांक 20.08.2019 को अपराह्न 03.30 बजे सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थेः–

1. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव – Sudhir
   निदेशक / सदस्य–सचिव, IQAC
2. प्रो0 दिनेश यादव, बायोटेक्नालॉजी विभाग –
3. प्रो0 गौर हरि बेहरा, अंग्रेजी विभाग –
4. डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग –
5. डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग – M K Sriv.
6. डॉ0 तूलिका मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग – Tulika
7. डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, ललित कला एवं संगीत विभाग–
8. डॉ0 लक्ष्मी जायसवाल, शिक्षाशास्त्र विभाग – Laxmi J.
9. डॉ0 आलोक कुमार, विधि विभाग – AK

## कार्यवृत्त

सदस्य–सचिव / निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा सदस्यों को यह अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या 1359 / सा0प्र0 / 2019 दिनांक 17.08.2019 द्वारा विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से मूल्यांकन कराये जाने के क्रम में प्रस्तुत किये जाने वाले सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (SSR) को तैयार करने के लिए एक स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया जा चुका है, जिसका संयोजक सदस्य–सचिव / निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 को बनाया गया है। समिति ने SSR तैयार करने के लिए स्टीयरिंग कमेटी को हर प्रकार का सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। AQAR एवं SSR तैयार करने के सन्दर्भ में निम्नलिखित निर्णय लिये गये–

1. विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले सूचनाओं का संकलन करने हेतु कुलसचिव के आदेश द्वारा स्टीयरिंग कमेटी से जोड़े गये डाटा इण्ट्री ऑपरेटरों को आवश्यक निर्देश दिये जाय / विधियों से अवगत कराया जाय।
2. AQAR एवं SSR तैयार करने में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक व पुरातन छात्र से फीडबैक लिया जाना एक अहम एवं महत्वपूर्ण बिन्दु है। इन चारों सम्बन्धितों से शैक्षणिक वर्ष 2018–19 का फीडबैक आफ–लाइन विधि से लेने का निर्णय लिया गया, इस हेतु फीडबैक लेने का प्रारूप तैयार करने पर विचार–विमर्श किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि तैयार प्रारूपों को सभी विभागों में प्रेषित करने से पूर्व अध्यक्ष, आई0क्यू0ए0सी0 का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।

Laxmi J. AK

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) सदस्यों की एक बैठक दिनांक 27.08.2019 को अपराह्न 03.30 बजे सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थेः–

1. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव –
   निदेशक/सदस्य–सचिव, IQAC
2. प्रो0 दिनेश यादव, बायोटेक्नालॉजी विभाग –
3. प्रो0 गौर हरि बेहरा, अंग्रेजी विभाग –
4. डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग –
5. डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग –
6. डॉ0 तूलिका मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग –
7. डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, ललित कला एवं संगीत विभाग–
8. डॉ0 लक्ष्मी जायसवाल, शिक्षाशास्त्र विभाग –
9. डॉ0 आलोक कुमार, विधि विभाग –

## कार्यवृत्त

सदस्य–सचिव/निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा सदस्यों को यह अवगत कराया कि अपनी पूर्व बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार सभी शैक्षणिक विभागों के अध्यक्षों ने अपने विभाग से विभागीय आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधि के लिए नाम प्रस्तावित कर दिये हैं। जिसकी सूचना नामित शिक्षकों को अधिकारिक रूप से करा दी गई है। माह फरवरी, 2020 में प्रस्तावित नैक मूल्यांकन की तैयारियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिये गये–

1. समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि अध्यक्ष, आई0क्यू0ए0सी0/कुलपति महोदय की अध्यक्षता में प्रति कुलपति, समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं रूसा को–आर्डिनेटर की एक बैठक आहूत किया जाना आवश्यक है, इस हेतु अध्यक्ष, आई0क्यू0ए0सी0/कुलपति महोदय से अनुरोध किया जाय।
2. प्रस्तावित बैठक में आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा तैयार किये जा रहे विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक एवं पुरातन छात्र से सम्बन्धित फीडबैक प्रारूपों से अवश्य अवगत कराया जाय। साथ ही इस सन्दर्भ में यदि कोई सुझाव आता है तो उसे फीडबैक प्रारूप में समाहित किया जाय।
3. विभिन्न विभागों के आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया है कि AQAR 2018-19 एवं SSR तैयार करने में कठिनाइयाँ आ रही है। इस तथ्य को संज्ञान में लेते हुए समिति ने यह निर्णय लिया कि दिनांक 09.09.2019 दिन मंगलवार को समस्त आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधियों की एक बैठक आहूत कर ली जाय, जिसमें AQAR 2018-19 एवं SSR तैयार करने में आ रही समस्याओं का निराकरण हो सके। यदि विभागीय आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधियों के समस्याओं का निराकरण बैठक में नहीं सम्भव हो पाता है तो एक कार्यशाला/संवाद–सत्र आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर दिया जाय।

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) सदस्यों की एक बैठक दिनांक 16.10.2019 को अपराह्न 01.30 बजे सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थेः–

1. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव – निदेशक/सदस्य–सचिव, IQAC
2. प्रो0 दिनेश यादव, बायोटेक्नालॉजी विभाग –
3. प्रो0 गौर हरि बेहरा, अंग्रेजी विभाग –
4. डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग –
5. डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग –
6. डॉ0 तूलिका मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग –
7. डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, ललित कला एवं संगीत विभाग–
8. डॉ0 लक्ष्मी जायसवाल, शिक्षाशास्त्र विभाग –
9. डॉ0 आलोक कुमार, विधि विभाग –
10. प्रो0 संदीप कुमार, संयोजक, नैक – विशेष आमंत्रित सदस्य

## कार्यवृत्त

सदस्य–सचिव/निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा सदस्यों को यह अवगत कराया कि नैक स्टीयरिंग कमेटी का पुर्नगठन आदेश कुलसचिव के पत्र संख्या 119/सा0प्र0/2019 दिनांक 15.10.2019 द्वारा किया गया है, जिसके अनुसार स्टीयरिंग कमेटी का संयोजक प्रो0 संदीप कुमार, अर्थशास्त्र विभाग को बनाया गया है। समिति के समस्त सदस्यों ने नैक मूल्यांकन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में अपना पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

विभिन्न विभागों/इकाईयों से प्राप्त हो रही **AQAR 2018-19** एवं **SSR** की सूचनाओं का अवलोकन किया और विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी सदस्य अपनी–अपनी टीमें बनाकर अलग–अलग विभागों/इकाईयों का आपस में बँटवारा कर सम्बन्धित से प्राप्त हो रही सूचनाओं का स्क्रूटनी/परीक्षण करना प्रारम्भ कर दें और उनमें आ रही कमियों को सम्बन्धित विभाग के आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधियों/विभागाध्यक्षों को व्यक्तिगत रूचि लेते हुये उन्हें अवगत करायें।

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) सदस्यों की एक बैठक दिनांक 05.11.2019 को अपराह्न 02.30 बजे सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थेः–

1. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव – Sudhir
   निदेशक / सदस्य–सचिव, IQAC
2. प्रो0 दिनेश यादव, बायोटेक्नालॉजी विभाग –
3. प्रो0 गौर हरि बेहरा, अंग्रेजी विभाग –
4. डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग –
5. डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग – MKSrv.
6. डॉ0 तूलिका मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग – Tulika
7. डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, ललित कला एवं संगीत विभाग– Shraddha
8. डॉ0 लक्ष्मी जायसवाल, शिक्षाशास्त्र विभाग – Laxmi J.
9. डॉ0 आलोक कुमार, विधि विभाग – AK

## कार्यवृत्त

समिति ने विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से मूल्यांकन कराये जाने के क्रम में प्रस्तुत किये जाने वाली सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (SSR) को तैयार करने हेतु गाइडलाइन्स में उल्लेखित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया। साथ ही सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (SSR) की तैयारी हेतु प्राप्त हो रही सूचनाओं की स्थिति से अवगत हुई।

विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (SSR) को तैयार करने हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श करने के लिये समस्त अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, समस्त शैक्षणिक विभागों के आई0क्यू0ए0सी0 प्रतिनिधियों, वित्त अधिकारी, कुलसचिव एवं परीक्षा नियन्त्रक की एक बैठक सह–कार्यशाला दिनांक 14.11.2019 को आयोजित कर ली जाय। साथ ही सह–कार्यशाला की अध्यक्षता करने हेतु माननीय कुलपति जी से अनुरोध भी किया जाय।

Laxmi J. Sudhir Shraddha Tulika AK MKSrv.

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) सदस्यों की एक बैठक दिनांक 18.11.2019 को अपराह्न 03.30 बजे सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थे:–

1. प्रो0 सुधीर कुमार श्रीवास्तव – Sudhir
   निदेशक / सदस्य–सचिव, IQAC
2. प्रो0 दिनेश यादव, बायोटेक्नालॉजी विभाग –
3. प्रो0 गौर हरि बेहरा, अंग्रेजी विभाग –
4. डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग –
5. डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव, वाणिज्य विभाग – MKSrv.
6. डॉ0 तूलिका मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग – Tulika
7. डॉ0 श्रद्धा शुक्ला, ललित कला एवं संगीत विभाग– Shraddha
8. डॉ0 लक्ष्मी जायसवाल, शिक्षाशास्त्र विभाग – Laxmi J.
9. डॉ0 आलोक कुमार, विधि विभाग – AK

<u>कार्यवृत्त</u>

उक्त बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों का नैक मूल्यांकन कराये जाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चरणबद्ध क्रम में महाविद्यालयों के प्राचार्यों / आई0क्यू0ए0सी0 को–आर्डिनेटर की कार्यशाला / संवाद–सत्र आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसके प्रथम चरण में द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों का राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से मूल्यांकन कराये जाने के लिए **"NAAC Evaluation : Needs and Procedure"** विषय पर समस्त राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं को–आर्डिनेटर, आई0क्यू0ए0सी0 की एक कार्यशाला दिनांक 07.12.2019 को आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त कार्यशाला में नैक, नई दिल्ली से एक रिसोर्स पर्सन को आमंत्रित करने हेतु अनुरोध पत्र भेजा जाय।

Sudhir Tulika MKSrv. Laxmi J. Shraddha AK